दिनांकः 21.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर में आयोजित मुख्य समारोह का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया नेतृत्व, कहा–योग विश्वभर में दैनिक जीवन का अंग बना।
- जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई गणमान्य लोगों और आमजन के साथ किया योगाभ्यास।
- लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब होंगे अस्थायी अध्यक्ष।
- प्रदेश में प्री–मॉनसून का दौर शुरू–पिछले 24 घंटों में कई जिलों में हुई बारिश से तेज गर्मी से मिली राहत।

....

देशभर में आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय "स्वयं और समाज के लिए योग" है, जो व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव दोनों को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है। योग दिवस का मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग की यात्रा अनरवत जारी है और दुनिया के कई देशों में योग दैनिक जीवन का अंग बन गया है। विश्व के कई बड़े संस्थानों में योग पर शोध हो रहा है। दुनिया योग इकोनॉमी को विशेष अवसर के रूप में देख रही है। योग पर्यटन का ट्रेंड बदला है। उन्होंने कहा कि योग से उत्पादकता और सहनशक्ति का विस्तार होता है।

....

श्रीनगर में हुए मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के सात हजार से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री के साथ योग किया।

प्रदेश में योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम राजधानी जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वहां मौजूद लोगों के साथ योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के सभी नागरिकों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग हमारी संस्कृति है और यह सम्पूर्ण स्वास्थ्य का मंत्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को पूरी दुनिया में पहुंचाने का काम किया है।

....

जयपुर में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम हुए। ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

....

अन्य जिलों में भी योग दिवस के कार्यक्रम हुए। पाली के लाखोटिया उद्यान में, केकड़ी के पटेल मैदान, बारां के श्रीराम स्टेडियम, डूंगरपुर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चूरू में पुलिस लाइन मैदान, सीकर के श्री कल्याण कॉलेज के खेल मैदान, करौली में माथुर स्टेडियम, हनुमानगढ के राजीव गांधी स्टेडियम, दौसा के रामकरण जोशी स्कूल, सवाईमाधोपुर में पुलिस लाइन परेड मैदान, भीलवाड़ा नगर परिषद के चित्रकूट धाम में और बालोतरा में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में योगाभ्यास के कार्यक्रम हुए। जिला मुख्यालयों सहित ब्लॉक मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग के कार्यक्रम रखे गये। इनमें स्थानीय निवासियों ने उत्साह से भाग लिया।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बताया कि 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण में अस्थायी अध्यक्ष के सहयोग के लिए के. सुरेश, टी.

आर. बालू, राधामोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय को भी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा।

....

राज्यपाल कलराज मिश्र आज जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के 20 वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। श्री मिश्र पहले विश्वविद्यालय परिसर में संविधान उद्यान तथा संविधान स्तंभ का लोकार्पण भी करेंगे। इसके बाद राज्यपाल मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित दीक्षांत समारोह में पहुंचेंगे।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश को फाटक मुक्त बनाने के लिए निर्माणाधीन आरयूबी और आरओबी के कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य में रेलवे परियोजनाओं के लिए आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जेडीए जयपुर रिंग रेल कॉरिडोर के कार्य में तेजी लाए और रेलवे अधिकारी जयपुर रेलवे स्टेशन पर प्रवेश को सुविधाजनक बनाने को ध्यान में रखकर ही निर्माण कार्य करें। उन्होंने परिवहन विभाग को रेलवे स्टेशन से यात्रियों के लिए परिवहन सेवा का विस्तार करने के लिए निर्देश दिये। श्री शर्मा ने समीक्षा बैठक में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश के चयनित रेलवे स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की।

....

प्रदेश में प्री–मॉनसून का दौर शुरू हो गया है। पिछले 24 घंटों में अधिकतर जिलों में बारिश हुई। राजधानी जयपुर में कल दोपहर में मौसम में अचानक बदलाव आया और कई स्थानों पर हल्की से मध्यम से बारिश दर्ज की गयी। सप्ताहभर में सबसे ज्यादा गर्मी से झुलस रहे श्रीगंगानगर जिले में भी कल बरसात का दौर चला। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के बाद तापमान में कमी आने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।

....

केकड़ी, भीलवाड़ा, शाहपुरा, बीकानेर, हनुमानगढ़, चूरू, दौसा और सवाईमाधोपुर सहित अन्य जिलो में भी बारिश हुई। कई स्थानों पर अंधड़ भी आया। कई हुई बारिश के बाद अधिकतर स्थानों पर पारा 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का है। कल सर्वाधिक 42 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान पिलानी में दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले पांच दिनों तक जयपुर, कोटा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं।

....